'आओ बून्दी को हम स्वच्छ व हरा भरा बनाएं, हमारी गौरवमयी विरासत को बचाएं'

बून्दी (निसं)। भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन कौशल विकास अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शहर में एक दिवसीय ग्रीन बूंदी क्लीन बूंदी बेहतरीन बूंदी थीम के विरासत भ्रमण पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

पदयात्रा शामिल बच्चों ने जहाँ भारी उत्साह से बूंदी को स्वच्छ व हरा भरा बनाने के संदेश के साथ अतुल्य विरासत को बचाने हेतु लोगों को जागरूक किया, वहीं पदयात्रा का जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं व आमजन द्वारा शीतल पेय, अल्पाहार व पुष्पवर्षा से उत्साहवर्धन किया गया। स्काउट गाइड भवन से शुरू हुई हेरिटेज वॉक को मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा व जिला कमिश्नर स्काउट राजेंद्र कुमार व्यास तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर सतीश कुमार जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिक्षा विभाग के एसीबीईओ डॉ युवराज सिंह, एपीसी एडीपीसी सुनीता कटारा विशिष्ट अतिथि रहे।

इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच के नेतृत्व में स्वर लहरियों के साथ जनचेतनाकारी नारों 'टिक टिक टिक - नो प्लास्टिक' 'ग्रीन बूंदी -क्लीन बूंदी- बेहतरीन बून्दी' 'हम सब ने यह ठाना है विरासत को बचाना है' की गूंज के साथ संभागी चौमुखा होते हुए, नाहर का चोहट्टा, पड़स, चित्रशाला पहुंचे, वहां से सेठ जी का चौक, धाबाइयों का चौक, नागदी से होते हुए मीरा गेट से वापस स्काउट गाइड भवन पहुंचे। इस बीच

स्काउट गाइड के बच्चों ने विरासत का भ्रमण किया।

विभिन्न पुरातात्विक, स्थापत्य कला निर्माण, मंदिर व बावडियों की ऐतिहासिक जानकारी के साथ उन्हें भावल्दी बावड़ी व सूर्यमल मिश्रण हवेली का भ्रमण करवाया गया।

प्रशिक्षणार्थियों ने नुक्कड नाटक व जनचेतना नृत्य की प्रस्तुतियां देकर आमजन को विरासत संरक्षण व पर्यावरण जागरूकता व पॉलिथीन मुक्त हेतु प्रेरित किया। उमंग संस्थान द्वारा बूंदी को जानो प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समन्वयक डॉ सर्वेश तिवारी ने बताया कि इंटैक टीम के संयोजक राजकुमार दाधीच, सह संयोजक राजेंद्र भारद्वाज सहित जेपी त्रिपाठी, नन्दप्रकाश शर्मा, महावीर शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सफल आयोजन हेतु शिविर संचालक बृजेश कुमार, विश्वजीत जोशी सहित सभी प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया।

राजकुमार दाधीच के अध्यक्षता में सेठ जी का चौक स्थित सांस्कृतिक विरासत भावलदे बावडी पर आयोजित जनचेतना संगोष्ठी में संभागी ने लुप्त होती हमारी विरासत पर चिंता प्रकट की। दाधीच ने बूंदी के गौरवमई इतिहास की जानकारी देते हुए कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि हम नई पीढ़ी को अपने गौरवमई इतिहास से परिचित करवाएं वह इसके संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से प्रयासरत हों। इस अवसर पर उमंग संस्थान द्वारा बूंदी को जानो प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया।

डॉ संजय गुप्ता व अग्रवाल आई हॉस्पिटल टीम ने प्रबंधक जय सिंह सोलंकी के नेतृत्व में बहादुर सिंह सर्कल पर कोल्ड ड्रिंक व मीरां गेट पुष्पवर्षा, भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के सदस्यों द्वारा बुलबुल के चबूतरे व नाहर के चोहटा पर छाछ पिला कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। मालवीय मृदुल अग्रज सेवादल ने लगातार जुड़े रहे। इस दौरान सचिव देवी सिंह सैनानी, अध्यक्ष देवप्रकाश ओझा, लीडर बुद्धि प्रकाश पुंडीर, नरेंद्र कुमार शर्मा, धीरेंद्र सिंह, नन्द प्रकाश शर्मा, हंसराज चौधरी, चंडी सिंह, हेमराज ओड़,सुखलाल चौधरी, सोहन सिंह शीहर,यशवंत टेलर, ऋतुराज दाधीच, महावीर सैन, कृष्णकांत राठौर, चंद्रप्रकाश सोनी लगातार सेवारत रहे। संयोजक दाधीच व समन्वयक सर्वेश तिवारी ने शिक्षा विभाग, स्काउट गाइड, यातायात पुलिस, मीडिया कर्मियों, मालवीय मृदुल अग्रज सेवा दल, अग्रवाल आई हॉस्पिटल, भारत विकास परिषद, उमंग संस्थान, प्रदूषण नियंत्रण मंडल व आमजन का आभार प्रकट किया।

ग्रीन बूंदी क्लीन बूंदी बेहतरीन बूंदी की थीम के साथ आयोजित जनचेतनकारी विरासत भ्रमण को सफल बनाने में यातायात पुलिस का विशेष योगदान रहा। ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों ने जहां रैली में शामिल संभागियों का आत्मबल बढ़ाया, वहीं पूरे मार्ग में आवारा पशुओं व अस्त-व्यस्त वाहनों को व्यवस्थित कर पूरा सहयोग प्रदान किया। जबकि हेरिटेज वॉक की ड्यूटी पर लगाई गई मेडिकल टीम समापन तक कहीं नजर नहीं आई।

इस विरासत भ्रमण यात्रा में 150 से ज्यादा बालक बालिकाऐं शामिल रहे, जिन्हे तेज गर्मी देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता देखी गई। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की असहयोग से आयोजकों सहित अभिभावकों में भी नाराजगी रही।

डॉ.ओपी सामर, सीएमएचओ, बून्दी ने बताया कि आयोजकों के सहयोग मांगे जाने पर तुरन्त मेडीकल टीम गठित कर विरासत भ्रमण यात्रा में भिजवाने हेतु पीएमओ, जिला अस्पताल बून्दी को पत्र भेज कर निर्देशित किया गया था। मेडीकल टीम क्यों नहीं पहुंची, जांच का विषय है।

डॉ. प्रभाकर विजय, पीएमओ, बून्दी ने बताया कि विरासत भ्रमण यात्रा में मेडिकल टीम भिजवाने हेतु सीएमएचओ द्वारा शुक्रवार को जारी किया गया पत्र मुझे प्राप्त नहीं हुआ।

दो दिवसीय ईडब्ल्यूएस शिविर का समापन, 1800 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया

बूंदी (निसं)। सर्व ब्राह्मण महासभा युवा शाखा की ओर से आयोजित दो दिवसीय ईडब्ल्यूएस शिविर का समापन शुक्रवार देर सांय नैनवा रोड पर निजी रिसोर्ट में संपन्न हुआ।

दो दिवसीय शिविर में 1800 सौ से अधिक प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्राप्त हुये।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार उपाध्याय रहे।अध्यक्षता विश्वविद्यालय के मुख्य परीक्षा नियंत्रक प्रवीण भार्गव ने की। वहीं विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर चक्रपाणि गौतम,राजस्थान बीज निगम निदेशक चर्मेश शर्मा, मेला प्राधिकरण सदस्य भरत शर्मा,भाजपा नेता रूपेश शर्मा, माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र व्यास व महासभा के जिला अध्यक्ष मिथिलेश दाधीच विशिष्ट अतिथि रहे।

उपखंड अधिकारी सोहनलाल,जिला कोषाधिकारी अंजलि कुमार शर्मा, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष भगवान बिरला, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सुनीता कटारा,कांग्रेस नेता जगरूप सिंह रंधावा, लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष निशांत नुवाल ने भी शिविर का अवलोकन किया। शिविर प्रभारी लोकेश सुखवाल,धनंजय शर्मा, शिविर संयोजक पीयूष शर्मा,मंथन पंचोली, सभाध्यक्ष घनश्याम दुबे प्रवक्ता नूतन तिवारी, राजेश शर्मा, सुनील बॉबी, अवधेश शर्मा, चंद्रप्रकाश जोशी कुलदीप गौतम ने अतिथियों का दुपट्टा धारण करवाकर व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए कोटा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार आरके उपाध्याय ने कहा कि

- ईडब्ल्यूएस वर्ग के पात्रता धारी सभी विद्यार्थी प्रमाण पत्र बनवायें : उपाध्याय
- कोटा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार व परीक्षा नियंत्रक भी पहुंचे

ईडब्ल्यूएस वर्ग के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से प्रमाण पत्र बनवाना चाहिये। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एक ही छत के नीचे सारी व्यवस्था कर 1800 से ज्यादा प्रमाण पत्र बनाने वाला बूंदी का यह शिविर पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है। कोटा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रवीण भार्गव ने कहा कि उनकी शिक्षा-दीक्षा बूंदी में ही हुई है और बूंदी का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। शिविर के आयोजन की सराहना की।

विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर चक्रपाणि गौतम ने कहा कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के विद्यार्थियों को अपने अध्ययन पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र में युवा नेतृत्व को आगे लाना चाहिये। राजस्थान बीज निगम के निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि शिविर के आयोजन से बूंदी के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। भाजपा नेता पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रूपेश शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लाभार्थियों को लाभ तो मिलेगा ही मिलेगा साथ ही लोगो में आपसी समनव्यता भी बढ़ेगी। मेला प्राधिकरण के सदस्य भरत शर्मा ने कहा कि इस तरह के शिविरों के आयोजन होते रहने चाहिये। राजपत्रित अधिकारी रूप में राजेश चतुर्वेदी,जगमोहन गौतम, राजेंद्र माथुर,बद्रीलाल शर्मा, ,हरिराज सिंह हाड़ा, जयप्रकाश त्रिपाठी,रितेश सनाढय, महेश शर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।एडवोकेट योगेन्द्र दाधीच एडवोकेट रवि शर्मा,विनोद श्रृंगी, हिमांशी शर्मा देवेंद्र शर्मा मनीष जैन ने विधिक सहयोग किया।ई मित्र सेवा के रूप में नवनीत सिंह सोलंकी हर्षित जैन रोहित राठौर शुभम जैन सुनीत शर्मा,कुशाल कहार मौजूद रहे।वही शिविर में सहायक के रूप में महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष साधना श्रृंगी, कुलदीप गौतम अरुणा चतुर्वेदी नम्रता व्यास भानु प्रकाश गौतम सुनील शर्मा, नवीन चतुर्वेदी पार्षद संदीप देवगन,पार्षद ममता शर्मा,सहवरित पार्षद कीर्ति सुखवाल, नवीन चतुर्वेदी गौरव शर्मा दिव्यांशु वशिष्ठ अभय चतुर्वेदी आयुष जैन प्रिंस शर्मा गोविंद जोशी महावीर शर्मा मिहिर गोस्वामी दीपक शर्मा मौजूद रहे।

सार-समाचार

डंपर की चपेट से युवक गंभीर घायल

छबड़ा (निसं)। कस्बे के आजाद सर्किल के निकट शनिवार को डंपर की चपेट में आने से एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए छबड़ा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिसे गंभीरावस्था के चलते बारां रैफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारां निवासी मुकेश गुजराती (39) आज़ाद सर्किल पर डंपर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए छबड़ा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे बारां रैफर कर दिया। बताया जा रहा हैं कि युवक का एक पैर पूरी तरह कुचल गया हैं। पुलिस ने बताया कि युवक बयान देने की स्थिति में नही होने के कारण अग्रिम कार्रवाई नही हो सकी हैं। नगर महामंत्री हरिओम गौड़ ने बताया कि आजाद सर्किल से विद्युत निगम कार्यालय तक सड़क किनारे सब्जी व फल-फ्रुट विक्रेताओं द्वारा अस्थाई दुकाने व ठेले लगाने के कारण दुर्घटनाओ की आषंका बनी रहती हैं क्योकि सड़क के दोनो ओर अस्थाई दुकाने व ठेला लगाने के कारण रोड संकरा हो गया हैं। विक्रेताओं द्वारा सड़ी-गली सब्जियां व फल-फ्रुट आदि सड़क पर फैंकने के कारण आवारा जानवर सड़को पर घूमते रहते हैं और आवागमन भी प्रभावित हो रहा हैं। इससे कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। षनिवार दोपहर को आवारा जानवर के कारण मुकेष गुजराती डंपर की चपेट में आने से गंभीर घायल हो गया। गौड़ ने पालिका प्रषासन से इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग की है ताकि आगामी समय में दुर्घटनाओं पर अंकुष लग सके। वही, प्रषासन से दिन के समय निकलने वाले भारी वाहनों पर रोक लगाए जाने की मांग की हैं।

बच्चों को शैक्षिणक भ्रमण कराया

बूंदी (निसं)। यूनाइटेड डेवलपमेंट एंड एजूकेशन सोसायटी यूडीई की तरफ़ से शनिवार को बच्चों को समर कैंप में एजुकेशनल टयूर करवाया गया। बच्चों को देनिक भास्कर प्रिंटिंग प्रेस कार्यालय बल्लोप का भ्रमण करवाया गया। बच्चों को दैनिक भास्कर कार्यालय के स्टाफ ने अखबार छापने की प्रक्रिया बताई और मशीनों का प्रयोग और उनके कार्य बताये। यूडीई मेम्बर अनवार अहमद शेख ने बताया कि बच्चों ने अपने सवाल प्रिंटिंग स्टाफ से पूछे, जिसका जवाब उन्हें अच्छी तरह से दिया गया। यूडीई फाउंडर मुफ्ती मोहम्मद आलम रज़ा ग़ौरी ने बताया कि बच्चों को इसके अलावा अभेडा महल कोटा का भी भ्रमण करवाया गया। बच्चों को अभेडा महल के इतिहास के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर शिविर प्रभारी कालू खां,रईस अहमद, मोहम्मद अनीस, अब्दुल कलीम, मोहम्मद शाहिद, खतीबुरहमान, शाहिद हुसैन,सय्यद सागर हुसैन, गुलाम मुस्तफा, आईशा अंसारी, निशा परवीन, इल्मा अंसारी,अबीला अजहरी आदि मौजूद रहे यह जानकारी प्रवक्ता मोहम्मद इसरान ने दी।

बाइक चोरी घटना का फुटेज सामने आया

कोटा, (निसं)। रंगबाड़ी स्थित दिगंबर जैन मंदिर के बाहर से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। जिसमें पुजारी की बाइक को अज्ञात चोर सुबह चुरा कर ले गया है। यह चोर सीसीटीवी में कैद हो गया है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि चोर चंद मिनट में ही इस बाइक को चुरा कर ले गया। इस मामले में पुजारी मुकेश सुमन में महावीर नगर थाने में रिपोर्ट दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है। साथ ही सीसीटीवी के आधार पर चोर की तलाशी भी शुरू कर दी है। मुकेश सुमन का कहना है कि वह सुबह 5 बजे मंदिर आ जाता है और दोपहर 12 बजे तक रहता है। बीच में वह जब बाइक को देखने गया तो बाइक गायब थी। इसमें सीसीटीवी फुटेज में एक युवक बाइक से चुरा कर ले जाता हुआ नजर आ रहा है। जिसके बाद उसने मंदिर समिति को बताया और मंदिर समिति के लोग आने के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पार्षद ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

छबडा, (निसं)। महिला पार्षद ने 13184 सफाई कर्मचारी पदों के लिए भर्ती निकालने पर मुख्यमंत्री का वाल्मीकि समाज की ओर से आभार जताया। पार्षद निशा अजय तेजस्वी ने बताया कि कांग्रेस हमेशा हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और हमेशा जनहित के कार्य करने में सक्रिय रहती है। इस पर सहवरित पार्षद रमेशचंद तेजस्वी, जगदीश तेजस्वी, प्रकाश, अनिल, रामदयाल, सोनू, अर्जुन गौतम सहित पालिका जमादारों ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताया।

पशुओं की सेवा कर स्थापना दिवस मनाया

बून्दी (निसं)। युवा सेना गो रक्षा दल की 11 वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को पशु चिकित्सालय बूंदी में गोवंश को चारा डाला गया व असहाय पशुओं की सेवा की गई। पशु चिकित्सालय स्थित घोड़े वाले हनुमान जी महाराज के स्थान पर हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस अवसर पर युवा सेना के अध्यक्ष महेश शर्मा, संगठन प्रमुख पप्पू लाल मेघवाल, संरक्षक मुकुट शर्मा, मनीष जैन, मुकेश शर्मा, राम बाबू शर्मा, शिव शंकर जंगम, कौशल यादव, रमेश, राजेश शेरगड़िया मौजूद रहे।

कथा सुनने भक्त उमड़े

छबड़ा (निसं)। श्रीराम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव समारोह रविवार से चल रहा हैं। यहां सात दिवसीय रामकथा का आयोजन भी किया जा रहा हैं। जिसमें प्रतिदिन बडी संख्या में श्रद्धालु उमड़कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। कथाव्यास पर विराजमान कथावाचक सुदर्शनाचार्य महाराज द्वारा षनिवार को भगवान राम के रावण वध के बाद वापस अयोध्या आगमन एवं राम राज्याभिषेक की कथा सुनाई गई। जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रशिक्षण शिविर आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा में आरोग्य भारती द्वारा शनिवार को पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रशिक्षण शिविर व मोटापा घटाओ योग शिविर का आर्य समाज रावतभाटा और अनुतारा गार्डन में शुभारंभ किया गया।

आरोग्य भारती के प्रचार सचिव जितेंद्र वर्मा ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में रावतभाटा के नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए दो जगह आर्य समाज रावतभाटा और राजस्थान परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी के अनुतारा गार्डन पर योग शिविर का उद्घाटन किया गया। राजस्थान परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी के अनुतारा गार्डन के अंदर सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारी सी. पी. गुप्ता, रामहित मीणा ने योग शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य सुधार होगा।



आरोग्य भारती द्वारा पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रशिक्षण शिविर व मोटापा घटाओ योग शिविर का आर्य समाज रावतभाटा और अनुतारा गार्डन में शुभारंभ किया गया।

योगाचार्य राधेश्याम शर्मा ने मोटापा घटाने के लिए योगिंग-जोगिंग, 56 सूर्य नमस्कार लगातार, पवनमुक्तासन श्रृंखला, 5 मिनट भस्त्रिका प्राणायाम, 10 मिनट कपालभाति प्राणायाम, 10 मिनट अनुलोम-विलोम प्राणायाम कराया गया। शिविर में हरिओम वधवा, मनीष सुमन, सतीश गोयल, पवन जैन, मनोज नारायणीवाल, चमन, अमन गुर्जर, मनीष शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आर्य समाज में जिला महिला योग प्रमुख प्रतिभा दशोरा के द्वारा महिलाओं को योग कराया गया। योग शिविर प्रात: 5:30 बजे से 7 बजे तक 14 जून तक नियमित रहेगा।

घर में घुसकर जीजा साले पर सरिए व चाकू से हमला किया

कोटा, (निसं)। शहर में चाकूबाजी मारपीट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार रात को पुराने विवाद को लेकर पड़ौस में रहने वाले लोगों ने घर में घुसकर जीजा साले पर सरिये व चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। वारदात में गंभीर घायल 30 वर्षीय युवक को उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि जीजा को मामूली चोटे होने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

- घायल 23 वर्षीय युवक को अस्पताल में भर्ती कराया

पुलिस के अनुसार युवक धनपाल उर्फ सूरज पुत्र दुर्गा लाल निवासी काली बस्ती सकतपुरा कुन्हाड़ी अपनी बहन से मिलने जैन मंदिर सकतपुरा कुन्हाड़ी गया हुआ था। जहां दोनों जीजा साला खाना खा रहे थे इसी दौरान पड़ौस में रहने वाला बाबूलाल उसका लड़का राहुल ओर रोहित सरिए व चाकू लेकर घर में घुसे और खाना खा रहे जीजा साले पर हमला कर दिया। धनपाल पर कैसे हमला करा बीच-बचाव कर दिए जीजा पर चाकू से हमला किया वारदात के बाद दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां धनपाल के पैर व सिर में गंभीर चोट होने से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है वही जीजा अमरजीत पुत्र नाथूलाल निवासी जैन मंदिर जगतपुरा कुन्हाड़ी के चेहरे व सीने पर चाकू की मामूली खरोच आने से प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

पीड़ित अमर जीत ने बताया कि 2 माह पहले पड़ौस में रहने वाले बाबूलाल के भाई चेलाराम के परिवार की महिलाएं घूमने गई थी इसी दौरान वह भी अपने परिवार के साथ घूमने गया था आते समय दोनों परिवार के सदस्य साथ में आए इसे देखकर चेलाराम को सकता कि हम उनकी लड़की को लेकर गए हैं जबकि ऐसा नहीं था इसी बात की रंजिश को लेकर उन्होंने वारदात को अंजाम दिया है। इधर पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है अनुसंधान जा रही है।

डंपर व बाइक में भिड़ंत, एक की मौत

कोटा, (निसं)। नयापुरा थाना पुलिस के अनुसार पवन पुत्र रामस्वरूप निवासी लाडपुरा कोटा आरसीसी का काम करता था। जो शनिवार को अपने साथी बोरखेड़ा निवासी मुकेश महावर व लाडपुरा निवासी कमल महावर के साथ आरसीसी की साइट पर लाडपुरा से बोरखेड़ा की ओर जाने के लिए घर से निकला था। साइट पर जाते समय नयापुरा रतन कचोरी के पास सड़क पर खड़े एक कार चालक ने अचानक कार का दरवाजा खोला जिससे पीछे आ रहा डम्पर ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार पवन महावर के ऊपर से डम्पर का टायर होकर निकल गया। वही मोटर साइकिल पर सवार अन्य दोनों साथी मुकेश महावर व कमल महावर दोनों सड़क के एक तरफ गिरने से बाल बाल बच गए।

विद्युत पोल टूटने से किसान की गिरकर मौत

कोटा, (निसं)। झालावाड़ जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में विद्युत पोल पर काम करते समय अचानक पोल टूटकर गिरने से एक 48 वर्षीय व्यक्ति ओमप्रकाश धाकड़ पुत्र प्रभुलाल निवासी कंवरपुरा तहसील खानपुर जिला झालावाड़ की मौत हो गई।

मृतक ओमप्रकाश का कोटा के निजी अस्पताल 10 दिन से उपचार में चल रहा था। जहां उसने देर रात को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शनिवार सुबह मृतक के पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई गई।खानपुर थाना पुलिस के अनुसार 31 मई 2023 को ओमप्रकाश शमशान के पास काम करते समय अचानक पोल गिरने से घायल हो गया था। जिसको कोटा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात को उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

खेल महोत्सव-2023 का विधायक डोगरा ने शुभारंभ

बून्दी (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला की प्रेरणा से खेल महोत्सव 2023 के अंतर्गत शनिवार 10 जून को चन्द्रप्रकाश स्टेडियम पुलिस परेड ग्राउन्ड में विधायक अशोक डोगरा द्वारा क्रिकेट, कबड्डी, रस्सा कस्सी की प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

इस प्रतियोगिता मे शहर के सभी वार्डो की महिला, पुरूष प्रतियोगि इसमे बड़े उत्साह के साथ भाग ले रहे है। शहर की लगभग 40 टीमें क्रिकेट प्रतियोगिता में ,14 टीमें कबड्डी व 4 टीमें रस्साकशी में महिलाएं और पुरुषों की टीम भाग ले रही है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बड़े उत्साह से भाग लिया और उम्दा प्रदर्शन किया व अपनी अपनी टीम को जीत दिलाई। विधायक डोगरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेत्रत्व मे देश मे खेलो की गतिविधीयो को बढ़ावा देने का प्रयास किये जा रहे है। कोटा बून्दी

विधायक अशोक डोगरा ने टॉस उछाल कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

लोकसभा की सभी विधानसभा क्षेत्रो मे प्रत्येक ग्रामपंचायत व वार्ड स्तर पर यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। जिससे खिलाडियो को अपनी खेलप्रतिभा निखारने अपने क्षेत्र या गांव का नाम रौशन करने का मौका मिलेगा। आयोजन समिति के मोहन कराड, जितेन्द्र सिंह हाडा, मानस जैन, मनफुल कराड, सुरेश अग्रवाल, नुपुर मालव, मोनिका शेरगडिया, दिलीप सिंह, जमना शंकर, निर्मल मालव एवं समस्त टीमो के खिलाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

एजुकेशनल परिचय सम्मेलन कोटा में आज

रामगंजमंडी (निसं)। अग्रवाल समाज के सगठंन अग्रसेन विकास परिषद समिति द्धारा रविवार को कोटा मे माहेश्वरी रिसोर्ट मे हाई क्वालीफाई और हॉयर एजुकेशनल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें देश विदेश से 156 इन्ट्री आई है। जबकि 150 प्रत्याशीयों का लक्ष्य रखा गया था।गर्मी के मौसम को देखते हुऐ एयर कन्डीशनर हाल मे परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।इसमें देश के विभिन्न राज्यों के अलावा देश के बाहर विदेशों मे निवासरत लगभग 10 से ज्यादा बायोडाटा भी आऐ हैं और वह भी मंच से परिचय देंगे इसके बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुऐ संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गर्ग ने बताया की इस आयोजन मे संस्था के सभी राज्यों से आवेदन बायोडाटा आऐ हैं।क्षेत्र में सामान्य परिचय सम्मेलन तो बहुत होते हैं जिनमें हॉयर क्वालीफाइड बच्चो की संख्या कम रहती है। क्योंकि वह जॉब मे होने से यहां आ नही पाते हैं और जुन में इन बच्चों को छुट्टीयां मिल जाती है। सबसे चर्चा करने के बाद ही हमने यह समय चुना है।भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजन भी इन्डोर रखा गया है और सीमित संख्या होने से व्यवस्थाओं मे परेशानी कम उठानी पडेगी।संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गर्ग सभी व्यवस्थाएं अपनी निगरानी में करवा रहे हैं।संस्था के सभी पदाधिकारीयों का पुर्ण सहयोग मिल रहा है।इस आयोजन में रामगंजमंडी से भी काफी संख्या मे आवेदन जमा हुऐ हैं। इसमें बहुत परिवार और स्थानीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया

बून्दी (निसं)। नेहरू युवा केन्द्र वं लालयोग के संयुक्त तत्वाधान में मिशन लाइफ के तहत स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बढ़ावा, योग एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से योगाभ्यास शिविर का आयोजन दो चरणों में हुआ। प्रथम चरण में खेल संकुल में कबड्डी, जूडो, हैंडबॉल, योग एवं अन्य खेलों के खिलाडियों एवं द्वितीय चरण में नवल सागर पार्क में श्री गणेश व्यायामशाला, खिलाडियों एवं आमजन द्वारा योगाभ्यास किया। योगाभ्यास शिविर के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद मनीष सिंह सिसोदिया रहे तथा अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी कशिश जेठवानी ने की। विशिष्ट अतिथि बूंदी रनिंग क्लब अध्यक्ष शक्ति तोषनीवाल, उत्कर्ष सिंह चौहान रहे। लालयोग निदेशक दीपक गुर्जर के निर्देशन में योग प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी ने, प्रांशु सिंह गहलोत ने योगाभ्यास कराया। सामान्य योगाभ्यास क्रम में ताडासन, पश्चिमोत्तानासन, हलासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार आदि आसनों एवं अनुलोम-विलोम, कपालभति, उदगीत प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में कबड्डी कोच बुद्धिप्रकाश गोचर, जूडो कोच शुभम सैनी, सोनू सैनी, भावेश राठौर का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली एवं योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन गोविंद प्रजापत ने किया।

रामायण के पाठ का शुभारंभ

रावतभाटा, (निसं)। मानव मंदिर में सेवा परिवार के द्वारा श्रीराम चरित मानस रामायण जी का मासिक पाठ का तृतीय रामायण के पाठ का शुभारंभ शुक्रवार को प्रात: किया गया था, जिसका समापन शनिवार को हुआ। शनिवार को रामायण जी का पाठ पंडित चन्द्र प्रकाश द्वारा महाआरती कर एवं प्रसादी का भोग लगाकर, वितरण कर किया गया। इस अवसर पर श्रदालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। रामायण जी के पाठ का पठन सचिन सुमन, एस. राठौड़, देंवाश, एस, कश्यप, बी.एस.सरस्वत, भूपेंद्र जागिंड, बी.एल. कोष्टी, पुरूषोत्तम सोनी, राजेन्द्र गुप्ता, भूपेंद्र दशोरा, गिरिराज चौबीसा, अनिल त्रिपाठी, डॉ.रामस्वरूप, ध्रुव त्रिपाठी, देवीलाल शर्मा, सुंधाशु जैन, प्रहलाद माली, रविशंकर शर्मा, चन्द्र प्रकाश, यश चौबीसा सहित कई गणमान्य नारिको ने भाग लिया। महाआरती पंडित चन्द्र प्रकाश द्वारा करवा गयी। इस मौके पर एच.के. त्रिवेदी, सुनिता त्रिवेदी, देवीलाल, गिरिराज चौबीसा, सुरेन्द्र कड़वासरा, राजेन्द्र गुप्ता, नारायण दास, यश चौबीसा, जय गुप्ता, मन्जू गुप्ता, वन्दना माली, सौम्या कड़वासरा, नीतू गुप्ता, पुष्पा अरोड़ा सहित उपस्थित थे। मानव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री रामजी का गुणगान किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्मदिन किया

बूंदी (निसं)। भाजपा जिला अध्यक्ष छीतर लाल राणा के जन्मदिवस पर शनिवार को भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राणा का नागरिक अभिनन्दन कर जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिला प्रवक्ता अनिल जैन तालेड़ा ने बताया कि जिलाध्यक्ष के जन्मदिवस पर केशोरायपाटन विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने राणा का नागरिक अभिनंदन किया। इस दौरान राणा ने कार्यकर्ताओं को मंत्र देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत है और कार्यकर्ता के बल पर भाजपा इतनी बड़ी पार्टी के रूप में मजबूत है राणा का नागरिक अभिनंदन करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजनारायण दुबे,जिला मंत्री पवन चौहान,रमा मालव,एस सी मोर्चा जिला अध्यक्ष भारत वर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश मीणा, कापरेन नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पाटनी, पूर्व उपाध्यक्ष अशोक चौरसिया,सोशल मीडिया के जिला संयोजक प्रवीण सिसोदिया, भाजपा नेता रमेश गौड़,के.पाटन महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ईशा भारद्वाज,भाजपा नेता हरिनारायण पांचाल,अभिषेक भारद्वाज सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा पदाधिकारियों ने चेचट क्